| 12. | Mr. Ajay Shri | Keeper | Half Yearly Vaccination (Tetanus)<br>Annual Antirabies Vaccination | - |
| 13. | Mr. Pratap Ram | Keeper | Half Yearly Vaccination (Tetanus)<br>Annual Antirabies Vaccination | - |
| 14. | Mr. Yogesh Kumar | Keeper | Half Yearly Vaccination (Tetanus)<br>Annual Antirabies Vaccination | - |
| 15. | Mr. Sandeep Kumar | Keeper | Half Yearly Vaccination (Tetanus)<br>Annual Antirabies Vaccination | - |
| 16. | Mr. Prakash Singh Rawat | Keeper | Half Yearly Vaccination (Tetanus)<br>Annual Antirabies Vaccination | - |
| 17. | Mr. Govind Singh | Keeper | Half Yearly Vaccination (Tetanus)<br>Annual Antirabies Vaccination | - |
| 18. | Mr. Kripal Singh | Keeper | Half Yearly Vaccination (Tetanus)<br>Annual Antirabies Vaccination | - |
| 19. | Mr. Manish Bisht | Keeper | Half Yearly Vaccination (Tetanus)<br>Annual Antirabies Vaccination | - |

## बाड़ों का समृद्धीकरण (Enrichment) कार्यक्रम :–

- प्राणी उद्यान में स्थित बंगाल टाईगर के बाड़ें में विभिन्न प्रकार के समृद्धीकरण कार्यो को सम्पन्न किया गया। जिसके अन्तर्गत बाडों में वुडन लॉग, सैन्ड बाथ, बैठने हेतु मचान एवं भव्य आकृति के पत्थरों को डाला गया। साथ ही पानी पीने एवं उसमें खेलने हेतु पॉण्ड के आकार को विस्तृत किया गया।
- सभी गुलदार के बाडों में उनके बैठने एवं आराम करने हेतु विभिन्न प्रकार के पर्च एवं मचानों का निर्माण किया गया। साथ ही वन्य प्राणियों को प्राकृतिक वास देने हेतु इनमें विभिन्न प्रकार की घासों का रोपण किया गया।
- रेड पाण्डा के संरक्षण–संवर्द्धन एवं प्रजनन कार्यक्रम में नैनीताल प्राणी उद्यान दार्जिलिंग प्राणी उद्यान का **"Partricipatry Zoo"** है। इसी क्रम में भविष्य हेतु रेड पाण्डा के सफल प्रजनन एवं संरक्षण हेतु प्राणी उद्यान के अन्तर्गत **"ब्रीडिंग एवं कंजरवेशन सेन्टर"** के निर्माण का कार्य किया गया था। वर्ष 2019-20 में रेड पाण्डा के सफल प्रजजन में वृद्धि अनुसार समृद्धीकरण की दृष्टि से नवनिर्मित बाडें में नेस्ट हाउस, मचान, पर्च एवं एरियल पाथ का निर्माण एवं बांस प्रजाति के रिंगाल का रोपण किया गया।
- प्राणी उद्यान में विद्यमान जुगाली करने वाले वन्य प्राणियों जैसे– ब्लू शीप, मारखोर, काकड़, घुरल, सांभर आदि के लिए दिये जाने वाले खाद्य जैसे घास को वृक्षों की टहनियों एवं कृत्रिम रूप से बनाये गये मचानों में रखा जाना सुनिश्चित किया गया। जिससे की वन्य प्राणियों में उनका प्राकृतिक स्वभाव नियत रहे।

- प्राणी उद्यान में विद्यमान विभिन्न प्रकार की फीजेन्ट एवं अन्य पक्षी प्रजातियों हेतु विभिन्न प्रकार के पर्च, झूले, सीढ़ियां, लकडी के लॉग, सैन्ड बाथ एवं विभिन्न प्रकार की हरी झाडियों को अवस्थापित किया गया।

## शिक्षा एवं जागरूकता कार्यक्रम :—

नियत समयान्तराल पर प्राणी उद्यान द्वारा अनेक प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। जिसमें राष्ट्रीय एवं अर्न्तराष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षु कुशल एवं अनुभवी प्रशिक्षकों तथा अधिकारियों के मार्ग निर्देशन में प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं। अनुसंधान के क्षेत्र में भी नैनीताल प्राणी उद्यान महत्वपूर्ण भूमिका निभाता हैतथा देश एवं विदेशों के विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं संस्थानों के शोधार्थी वन्य जीवों पर शोध कार्य हेतु प्राणी उद्यान में आते हैं। इसी के क्रम में वन्य प्राणियों एवं पर्यावरण के बारे में जागरूकता उत्पन्न करने हेतु नैनीताल प्राणी उद्यान द्वारा वर्ष 2019-20 में नेचर इण्टरप्रिटेशन सेन्टर का निर्माण 12 महत्वपूर्ण उद्‌देश्यों के साथ किया गया। जिसके अर्न्तगत पृथ्वी की उत्पत्ति, सौर मण्डल, मानव उत्पत्ति, पादप जगत, जन्तु जगत, हमारा नैनीताल, एल्टीट्यूडनल जॉनेशन, ईको लॉजिकल सक्सेशन, पृथ्वी पर जल एवं जल प्रतिशत, जलवायु परिवर्तन और भारतीय संविधान को दर्शाया गया है।

दिनांक 26.01.2020 को गणतन्त्र दिवस के उपलक्ष्य पर अपराह्न में प्राणी उद्यान स्थित नेचर इण्टरप्रिटेशन सेन्टर का डॉ0 हरक सिंह रावत जी, मा0 वन मंत्री वन एवं पर्यावरण, श्रम, सेवायोजन, कौशल विकास, आयुष एवं आयुष शिक्षा, उत्तराखण्ड सरकार द्वारा उद्‌घाटन किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि मा0 विधायक, नैनीताल विधानसभा क्षेत्र, श्री संजीव आर्या, मुख्य वन संरक्षक (कुमाऊँ), उत्तराखण्ड, डॉ0 विवेक पाण्डेय, मुख्य वन संरक्षक, डॉ0 पराग मधुकर धकाते, निदेशक, प्राणी उद्यान, नैनीताल, श्री टी0आर0 बीजूलाल, प्रभागीय वनाधिकारी, भूमि संरक्षण वन प्रभाग, नैनीताल, श्री दिनकर तेवाड़ी, उप प्रभागीय वनाधिकारी, नैनीताल वन प्रभाग, नैनीताल, श्री कैलाश चन्द्र पन्त एवं कैलाश चन्द्र तिवारी तथा नैनीताल वन प्रभाग/भूमि संरक्षण वन प्रभाग, नैनीताल के समस्त वन क्षेत्राधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

दिनांक 01.04.2019 से 03.04.2019 तक कृषि विश्वविद्यालय पन्तनगर से 35 प्रशिक्षणार्थियों द्वारा तीन दिवसीय प्रशिक्षण में भाग लिया गया। जिसमें डॉ0 योगेश भारद्वाज, वरिष्ठ पशुचिकित्साधिकारी के द्वारा प्राणी उद्यान एवं वन्य प्राणियों के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण जानकारियां दी गयी।

दिनांक 15.05.2019 वानिकी प्रशिक्षण संस्थान, हल्द्वानी से आये नेपाल फॉरेस्ट्री के विद्यार्थियों को प्राणी उद्यान का निःशुल्क भ्रमण कराया गया, तथा प्राणी उद्यान, नैनीताल के श्री दीपक कुमार तिवारी, उप वन क्षेत्राधिकारी के द्वारा प्राणी उद्यान एवं वन्य प्राणियों के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण जानकारियां दी गयी।

दिनांक 10.10.2019 को हिमाचल प्रदेश से आये 24+01 उप राजिक प्रशिक्षणार्थियों के दल को प्राणी उद्यान, नैनीताल का निःशुल्क भ्रमण कराया गया तथा प्राणी उद्यान, नैनीताल के श्रीमती ममता चन्द, वन क्षेत्राधिकारी, श्री दीपक कुमार तिवारी, उप वन क्षेत्राधिकारी, श्रीमती रेखा सुयाल, बायोलॉजिस्ट द्वारा वन्य प्राणियों के सम्बन्ध में महत्त्वपूर्ण जानकारी दी गयी।

## महत्वपूर्ण आयोजित कार्यक्रम (Outreach Programme) कार्यक्रम :–

जनसाधारण में वन्य जीवों के प्रति स्नेह एवं जागरूकता उत्पन्न करने के उद्देश्य से नैनीताल प्राणी उद्यान में विशेष अवसरों जैसे– विश्व पर्यावरण दिवस, ओजोन परत संरक्षण दिवस एवं वन्य जीव सप्ताह पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। जिसमें नैनीताल एवं नजदीकी क्षेत्रों के विद्यालयों एवं संस्थानों के छात्र–छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया जाता है।

## अर्न्तराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस (22मई, 2019):–

दिनांक 22.05.2019 को प्राणी उद्यान द्वारा हिमालयन बोटैनिकल गार्डन में अर्न्तराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न विद्यालय के 50+06 विद्यार्थियों द्वारा चित्रकला प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राणी उद्यान, नैनीताल के श्री टी0आर0 बीजूलाल, निदेशक, कार्यक्रम का शुभारम्भ श्रीमती ममता चन्द, वन क्षेत्राधिकारी तथा कार्यक्रम का संचालन श्री दीपक कुमार तिवारी, उप वन क्षेत्राधिकारी, प्राणी उद्यान के द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम में हिमालयन बोटैनिकल गार्डन के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पर्यावरण दिवस (05 जून, 2019):–

दिनांक 05.06.2019 को प्राणी उद्यान, नैनीताल में विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ वन संरक्षक, दक्षिणी कुमाऊँ वृत्त डॉ0 तेजस्विनी अरविन्द पाटिल के द्वारा नैनीताल वन प्रभाग, नैनीताल एवं भूमि संरक्षण वन प्रभाग, नैनीताल के विभिन्न रेंजों के स्टाफ की रैली को हरी झण्डी दिखाकर विभिन्न रेंजों में पर्यावरण संरक्षण के सन्देश के साथ रवाना किया गया। इसके पश्चात् प्राणी उद्यान के सभागार में 29 विद्यालयों के 250 से अधिक विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए उनसे पर्यावरण के संरक्षण हेतु उनके महत्वपूर्ण योगदान को रेखांकित किया गया। तत्पश्चात् उपरोक्त विद्यार्थियों द्वारा चित्रकला प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया गया। चित्रकला प्रतियोगिता तीन वर्गो में आयोजित की गयी। जिसमें जूनियर वर्ग को "वायु प्रदूषण के कारण," मध्यम वर्ग को "वायु प्रदूषण के प्रभाव" तथा सीनियर वर्ग को "वायु प्रदूषण से बचाव एवं उपचार" विषय दिये गये थे।

इस अवसर पर दर्पण समिति, अल्मोड़ा के कलाकारों द्वारा पर्यावरण संरक्षण व वनों की सुरक्षा एवं वायु प्रदूषण सम्बन्धी नाटक का प्रदर्शन किया गया।

कार्यक्रम का सफल संचालन श्रीमती ममता चन्द, वन क्षेत्राधिकारी, प्राणी उद्यान, नैनीताल द्वारा किया। कार्यक्रम में श्री दिनकर तेवाड़ी, उप प्रभागीय वनाधिकारी, नैनीताल वन प्रभाग, नैनीताल, श्री दीपक तिवारी, उप वन क्षेत्राधिकारी, प्राणी उद्यान, नैनीताल उपस्थित रहे, एवं नैनीताल प्राणी उद्यान के श्री धरम सिंह बोनाल, श्री खजान मिश्रा, श्रीमती रेखा सुयाल, श्री आनन्द सिंह, श्री विक्रम सिंह मेहरा एवं समस्त कर्मचारी द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किया गया।

## योग दिवस (21 जून, 2019):–

दिनांक 21.06.2019 को प्राणी उद्यान, नैनीताल में अर्न्तराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया। जिसमें निदेशक, प्राणी उद्यान की अध्यक्षता में नैनीताल वन प्रभाग के 180 अधिकारियों/कर्मचारियों के द्वारा योग किया गया। उक्त कार्यक्रम में कुमाऊँ विश्वविद्यालय के 14 योग प्रशिक्षकों के द्वारा योगाभ्यास कराया गया।

## अर्न्तराष्ट्रीय ओजोन परत संरक्षण दिवस (16 सितम्बर, 2019) :–

दिनांक 16.09.2019 को प्राणी उद्यान, नैनीताल में ओजोन दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 10 स्कूलों के 115 विद्यार्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम के प्रथम चरण में क्विज प्रतियोगिता एवं द्वितीय चरण में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का विषय "32 ईयर एण्ड हीलींग" (32 Year and Healing) रखा गया था। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ0 तेजस्विनी अरविन्द पाटिल, वन संरक्षक, दक्षिणी कुमाँऊ वृत्त, उत्तराखण्ड, नैनीताल द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती ममता चन्द, वन क्षेत्राधिकारी, प्राणी उद्यान, नैनीतल द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में भाषण प्रतियोगिता के निर्णायक मण्डल में डी0एस0बी0 परिसर, नैनीताल से जन्तु विज्ञान विभाग के डॉ0 हिमांशु लोहनी, वनस्पति विज्ञान विभाग के डॉ0 सुष्मा टम्टा तथा रसायन विज्ञान विभाग से डॉ0 गीता तिवारी सम्मिलित थे।

कार्यक्रम में श्री बीजूलाल टी0आर0, निदेशक, प्राणी उद्यान नैनीताल द्वारा सभी को सम्बोधित कर अर्न्तराष्ट्रीय ओजोन दिवस के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण जानकारी दी गयी। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि श्री मनोज साह, पूर्व वन क्षेत्राधिकारी, प्राणी उद्यान, नैनीताल रहे। कार्यक्रम के सफल संचालन में प्राणी उद्यान, नैनीताल के डॉ0 हिमांशु पांगती, वरिष्ठ पशुचिकित्साधिकारी, श्री दीपक कुमार तिवारी, उप वन क्षेत्राधिकारी, श्री धरम सिंह बोनाल, वन दरोगा, श्री खजान चन्द्र मिश्रा, वन रक्षक, श्रीमती रेखा सुयाल, बायोलॉजिस्ट, श्री आनन्द सिंह, सिस्टम एनालिस्ट एवं अन्य कर्मचारियों ने अपना महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया।

## वन्य प्राणी सप्ताह 2019 (01 से 08 अक्टूबर, 2019) :–

दिनांक 01.10.2019 को प्राणी उद्यान, नैनीताल में वन्य प्राणी सप्ताह 2019 के अर्न्तगत प्रथम दिवस पर कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि मुख्य वन संरक्षक, कुमाऊँ, उत्तराखण्ड डॉ0 विवेक पाण्डे द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम में नगर के 13 विद्यालयों के 80 छात्र/छात्राओं के द्वारा ग्रुप डांस/नाटक का मंचन किया गया। कार्यक्रम निर्णायक मण्डल में श्री अनिल घिल्डियाल, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार नृत्य एवं गीत प्रभाग तथा श्रीमती रीना प्रसाद रही। कार्यक्रम का संचालन श्री दीपक कुमार तिवारी, उप वन क्षेत्राधिकारी, प्राणी उद्यान, नैनीताल द्वारा किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में श्री बीजूलाल टी0आर0, निदेशक प्राणी उद्यान/प्रभागीय वनाधिकारी, नैनीताल, वन प्रभाग, नैनीताल, श्रीमती ममता चन्द, वन क्षेत्राधिकारी, नैनीताल प्राणी उद्यान एवं समस्त कर्मचारी आदि भी उपस्थित

दिनांक 02.10.2018 को वन्य प्राणी सप्ताह 2019 के द्वितीय दिवस के प्रथम चरण में महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों पर माल्यार्पण कर उनकी प्रिय राम धुन का गायन किया गया एवं समस्त स्टाफ को इस अवसर पर सिंगल यूज प्लास्टिक के बहिष्कार हेतु शपथ दिलायी गयी। कार्यक्रम के दूसरे चरण में प्राणी उद्यान के एनिमल कीपर्स के मध्य कीपर्स टॉक का आयोजन किया गया। इसके पश्चात् विभिन्न विद्यालयों के 142 छात्र/छात्राओं को वन्य जन्तुओं के संरक्षण से सम्बन्धित फिल्म/डॉक्यूमैन्ट्री दिखायी गयी। इस अवसर पर श्री बीजूलाल टी0आर0, निदेशक प्राणी उद्यान/प्रभागीय वनाधिकारी, नैनीताल वन प्रभाग, नैनीताल, प्राणी उद्यान, नैनीताल के वन क्षेत्राधिकारी, श्रीमती ममता चन्द, उप वन क्षेत्राधिकारी, श्री दीपक कुमार तिवारी, श्री अशीष मोहन तिवारी, परिवीक्षाधीन वन क्षेत्राधिकारी एवं समस्त कर्मचारी आदि भी उपस्थित थे।

दिनांक 04.10.2019 को वन्य प्राणी सप्ताह 2019 के अवसर पर हिमालयन बोटैनिकल गार्डन, नारायणनगर, नैनीताल में निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न विद्यालयों के 50 विद्याार्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। निबन्ध प्रतियोगिता दो वर्गों में आयोजित किया गया, प्रथम वर्ग में कक्षा 06 से 08 तक तथा द्वितीय वर्ग में कक्षा 09 से 12 तक के विद्यार्थियों को सम्मिलित किया गया। निबन्ध का विषय प्रथम वर्ग को "वन्य प्राणियों की महत्ता" एवं द्वितीय वर्ग को "मानव–वन्य जीव संर्घष का जिम्मेदार कौन?" दिया गया। निबन्ध प्रतियोगिता के उपरान्त छात्र/छात्राओं को बोटैनिकल गार्डन का भ्रमण भी कराया गया।

दिनांक 05.10.2019 को वन्य प्राणी सप्ताह 2019 के अवसर पर दर्पण समिति द्वारा वन्य जीव संरक्षण पर जागरूकता हेतु माल रोड, नैनीताल, हिमालयन बोटैनिकल गार्डन, नारायणनगर और प्राणी उद्यान, नैनीताल में नुक्कड नाटक का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर वन्य जीव संरक्षण हेतु हस्ताक्षर अभियान चलाया गया,

दिनांक 06.10.2019 को वन्य प्राणी सप्ताह 2019 के अवसर पर दर्पण समिति द्वारा वन्य जीव संरक्षण पर जागरूकता हेतु हिमालयन बोटैनिकल गार्डन, नारायणनगर और प्राणी उद्यान, नैनीताल में नुक्कड नाटक का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर वन्य जीव संरक्षण हेतु हस्ताक्षर अभियान चलाया गया, साथ ही विभिन्न विद्यालयों के 150 विद्यार्थियों को प्राणी उद्यान एवं वन्य जीव सम्बन्धी फिल्म शो को दिखाया गया।

दिनांक 07.10.2019 को वन्य प्राणी सप्ताह 2019 के अवसर पर दर्पण समिति द्वारा वन्य जीव संरक्षण पर जागरूकता हेतु हिमालयन बोटैनिकल गार्डन, नारायणनगर और प्राणी उद्यान, नैनीताल में नुक्कड नाटक का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर वन्य जीव संरक्षण हेतु हस्ताक्षर अभियान चलाया गया, साथ ही विभिन्न विद्यालयों के 150 विद्यार्थियों को प्राणी उद्यान एवं वन्य जीव सम्बन्धी फिल्म शो को दिखाया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में प्रभागीय वनाधिकारी, नैनीताल/निदेशक, प्राणी उद्यान, नैनीताल, श्री बीजूलाल टी0आर0, प्राणी उद्यान, नैनीताल के श्री दीपक कुमार तिवारी, उप वन क्षेत्राधिकारी, श्री धरम सिंह बोनाल, वन दरोगा, श्री पुष्कर सिंह मेहरा, वन दरोगा, श्री महेश सिंह बोरा, वन दरोगा, श्री खजान चन्द्र मिश्रा, वन रक्षक, श्री राजेन्द्र जोशी, वन रक्षक, श्री आनन्द सिंह, सिस्टम एनालिस्ट, श्री विक्रम सिंह मेहरा, फार्मासिस्ट तथा समस्त कर्मचारी आदि भी उपस्थित थे।

वन्य प्राणी सप्ताह के अवसर पर 2031 बच्चों को प्राणी उद्यान, नैनीताल में निःशुल्क प्रवेश के साथ–साथ वन्य जीवों के सम्बन्ध में विविध प्रकार की जानकारियों से अवगत कराया गया।

## वन्य प्राणियों के रखरखाव के लिए ऋतुवार विशेष व्यवस्था :–

प्राणी उद्यान में वन्य प्राणियों को सीमित स्थान वाले बाड़ों में रखा गया हैं। इसलिए वन्य प्राणियों के बाड़ों को उनके प्राकृत आवास के अनुरूप तथा स्वच्छंद विचरण के अनुकूल बनाने हेतु बाड़ों में लकड़ी के पर्च, बांस/रिंगाल के झूले, मचान, लकड़ी के छोटे–बड़े टुकडे, छिपने हेतु झाड़ियां एवं झोपडियों आदि को समायोजित किया गया। इसके अतिरिक्त वन्य प्राणियों की गतिविधियों को बढ़ाने हेतु उनके आहार में अंकुरित बीज, फलों व अन्य खाद्य–पदार्थो को बाड़े के भीतर विभिन्न स्थानों पर रखा जाता हैं। विभिन्न ऋतुओं के दृष्टिगत वन्य प्राणियों को प्रोटीन एवं ऊर्जा प्रदान करने के उद्देश्य से उनके दैनिक आहार में खाद्य पूरकों का भी समावेशविभिन्न विधियों द्वारा किया जाता है।

## शोध कार्य :–

वन्य प्राणियों के संरक्षण, संर्वद्धन एवं प्रजनन कार्यो में शोध कार्य का विशेष महत्व है। शिक्षा एवं अध्ययन कार्यो में भी शोध कार्य एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। प्राणी उद्यान, नैनीताल देश एवं विदेशों के प्रख्यात विश्वविद्यालय एवं संस्थानों से आये हुए विभिन्न विधाओं के शोधार्थियों को मुख्यतः उच्च स्थलीय वन्य प्राणियों से सम्बन्धित विभिन्न विषयों पर शोध कार्य करने हेतु एक उपयुक्त स्थान एवं वातावरण प्रदान करता है। विगत वर्षो में प्राणी उद्यान, नैनीताल द्वारा भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान, इज्जतनगर, बरेली, भारतीय वन्य जीव संस्थान, देहरादून, विभिन्न भारतीय वन्य जीव, पशु चिकित्सा संस्थान, कुमाऊँ विश्वविद्यालय एवं विदेशों से आने वाले शोधार्थियों को शोध कार्य में भी सहायता प्रदान की जाती है।

## संरक्षण एवं प्रजनन कार्यक्रम :–

विभिन्न वन्य प्राणियों के संरक्षण, संर्वद्धन एवं प्रजनन कार्य किसी भी प्राणी उद्यान का एक अत्यन्त महत्वपूर्ण कार्य है। प्राणी उद्यान, नैनीताल में भी विभिन्न विदेशी एवं स्वदेशी अनूसूचित/विलुप्त प्रायः वन्य प्राणियों में प्रजनन कार्य सफलतापूर्वक संचालित किया जा रहा है। उक्त प्रजनन कार्य विशेषतः स्तनपायी वन्य जीव जैसे रेड पाण्डा, ब्लू शीप, काकड़, हिमालयन घुरल तथा पक्षियों में भारतीय मोर, कलीज, चीर फीजैन्ट, रेड जंगल फाउल तथा विदेशी नस्लों में गोल्डन फीजैन्ट, सिल्वर फीजैन्ट, लेडी एमहर्स्ट इत्यादि में संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में विगत वर्षो में नैनीताल प्राणी उद्यान द्वारा शेड्यूल I के रेड पाण्डा के 08 शावकों एवं भरल के 01 बच्चे को प्रजजन एवं संरक्षण कार्यक्रम के अर्न्तगत सफलतापूर्वक पाया गया है।

## स्वास्थ्य रक्षा :—

वन्य प्राणियों के स्वास्थ्य परीक्षण एवं बचाव हेतु प्राणी उद्यान, नैनीताल में एक वन्य प्राणी पशु चिकित्सालय है। यहां पर विनिमय के तहत आने वाले वन्य प्राणियों को, प्राणी उद्यान में जन्म लेने वाले प्राणियों तथा रैस्क्यू से बचाये हुए वन्य प्राणियों की निगरानी व उपचार के कार्य सम्पन्न किये जाते है, साथ ही घातक बीमारियों का निदान करने हेतु समय—समय पर वैक्सीनेशन और डीवर्मिंग की जाती है।

## वन्य प्राणी चिकित्सालय की आधारित संरचना :—

- पशु चिकित्साधिकारी कक्ष
- ”एक्स रे” कक्ष
- शल्य क्रिया एवं प्रयोगशाला कक्ष
- इन्क्यूबेटर—ब्रूडिंग कक्ष
- एनिमल वार्ड, क्वारन्टाईन वार्ड, पोस्ट मार्टम हाउस
- वन्य प्राणी बचाव (रैस्क्यू) सामग्री कक्ष

## वन्य प्राणी चिकित्सालय में उपलब्ध विशिष्ट उपकरण :—

- इन्टैनसिव केयर यूनिट (आई0सी0यू0)
- यूरिन एनालाइजर
- नेबुलाइजर मशीन
- डिजीटल फीजैन्ट इन्क्यूबेटर

## प्राणी उद्यान, नैनीताल में जन्में हुए वन्य प्राणी :—

- ब्लू शीप
- रेड पाण्डा
- काकड़
- घुरल
- रेड जंगल फाउल
- कलीज फीजैन्ट
- चीर फीजैन्ट

## वन्य प्राणियों का विनिमयकरण :–

वर्ष 2019-20 में नैनीताल प्राणी उद्यान द्वारा निम्न वन्य प्राणियों का सफलतापूर्वक विनिमय किया गया।

| | **Animals arriving in the Zoo** | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| A. | H.No. | Species | Number (M:F) | From which Zoo | Date of arrival in the Zoo |
| | | Bengal Tiger | 0:1 | Gandhi Zoological Park, Gwalior(MP) | 21.04.2019 |
| | | Himalayan Monal | 2:0 | Nehru Pheasantry Manali (HP) | 14.11.2019 |
| | **Animals going from the Zoo** | | | | |
| B. | H.No. | Species | Number (M:F) | Going to which Zoo | Dates of deposition from the Zoo |
| | | Leopard | 1:1 | Gandhi Zoological Park, Gwalior (MP) | 17.04.2019 |

## वन्य प्राणियों का बचाव एवं पुर्नवास :–

| **S.No.** | **Date of Rescue** | **Species With number of animals rescued with their sex (M:F:U:T)** | **Received from** | **Date of Submission of Report to the CWLW/CZA** | **Action Taken** | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | **Date and Place of rehabilitation in their habitat** | **Reasons for Housing in the zoo, if not released in their habitat** |
| 1- | 29.06.2019 | Barking Deer (0:1:0:1) | Okhalkanda, South GolaRange, Nainital | - | Sent to Ranibagh Rescue Center | - |
| 2- | 08.07.2019 | Barking Deer (1:0:0:1) | Nagar Palika Range, Nainital | - | Released into the wild on 15.07.2019 | - |
| 3- | 27.07.2019 | Leopard Cat (0:1:0:1) | Manora Range, Nainital | - | Sent to Ranibagh Rescue Center | - |

# वन्य प्राणियों की सूची 2019-20

नैनीताल प्राणी उद्यान के वन्य प्राणियों की वार्षिक सूची निम्न प्रकार है:–

**Form-II**

[See rule 11(1)]

Part - A

**Inventory Report for the Year : 2019-2020**

Endargered Species

| S. No. | ANIMAL NAME | OPENING STOCK | | | | BIRTH | | | ACQUISITION | | | DISPOSAL | | | DEATHS | | | CLOSING STOCK | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | **M** | **F** | **U** | **T** | **M** | **F** | **U** | **M** | **F** | **U** | **M** | **F** | **U** | **M** | **F** | **U** | **M** | **F** | **U** | **T** |
| 1 | Peafowl | 3 | 2 | 0 | 5 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 2 | 2 | 0 | 4 |
| 2 | Cheer Pheasant | 5 | 5 | 0 | 10 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 5 | 5 | 0 | 10 |
| 3 | Kalij Pheasant | 8 | 4 | 0 | 12 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 8 | 4 | 0 | 12 |
| 4 | Monal Pheasant | 0 | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 | 1 | 0 | 3 |
| 5 | Egyption Valture | 0 | 0 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | **Total Birds** | **16** | **12** | **1** | **29** | **0** | **0** | **0** | **2** | **0** | **0** | **0** | **0** | **0** | **1** | **0** | **1** | **17** | **12** | **0** | **29** |
| 1 | Himalayan Black Bear | 1 | 3 | 0 | 4 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 3 | 0 | 4 |
| 2 | Common Palm Civet | 1 | 1 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 | 0 | 2 |
| 3 | Himalayan Palm Civet | 3 | 1 | 0 | 4 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 | 0 | 2 | 0 | 0 | 2 |
| 4 | Leopard (Panther) | 5 | 3 | 0 | 8 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 4 | 3 | 0 | 7 |
| 5 | Makhor | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 1 |
| 6 | Yellow Throated Marten | 0 | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 1 |
| 7 | Red Panda | 3 | 3 | 0 | 6 | 0 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 3 | 3 | 2 | 8 |
| 8 | Blue Sheep (Bharal) | 1 | 1 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 | 0 | 2 |
| 9 | Bangal Tiger | 1 | 1 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 2 | 0 | 3 |
| 10 | Tibetan Wolf | 1 | 1 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 | 0 | 2 |
| | **Total Mammal** | **17** | **15** | **0** | **32** | **0** | **0** | **2** | **0** | **2** | **0** | **1** | **1** | **0** | **1** | **1** | **0** | **15** | **15** | **2** | **32** |
| | **Total Animal** | **33** | **27** | **1** | **61** | **0** | **0** | **2** | **2** | **2** | **0** | **1** | **1** | **0** | **2** | **1** | **1** | **32** | **27** | **2** | **61** |

Animal under Schedule I and Schedule II of the Wild Life(Protection) Act, 1972

Part - B

**Inventory Report for the Year : 2019-2020**

Other than Endargered Species

| S. No. | ANIMAL NAME | OPENING STOCK | | | | BIRTH | | | ACQUISITION | | | DISPOSAL | | | DEATHS | | | CLOSING STOCK | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | **M** | **F** | **U** | **T** | **M** | **F** | **U** | **M** | **F** | **U** | **M** | **F** | **U** | **M** | **F** | **U** | **M** | **F** | **U** | **T** |
| 1 | Red Jungle Fowl | 8 | 5 | 0 | 13 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 8 | 5 | 0 | 13 |
| 2 | Black Kite | 0 | 0 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 |
| 3 | Rose Ring Parakeet | 13 | 9 | 0 | 22 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 13 | 9 | 0 | 22 |
| 4 | Hill Partidge | 0 | 0 | 2 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 | 2 |
| 5 | Edward Pheasant | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 1 |
| 6 | Golden Pheasant | 7 | 3 | 0 | 10 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | | 0 | 1 | 0 | 7 | 2 | 0 | 9 |
| 7 | Cockatail | 17 | 15 | 0 | 32 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 17 | 15 | 0 | 32 |
| 8 | Sun Conure | 3 | 1 | 0 | 4 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 3 | 1 | 0 | 4 |
| 9 | Love Birds | 19 | 19 | 2 | 40 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 19 | 19 | 2 | 40 |
| 10 | Blue & Yellow Macaw | 0 | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 1 |
| 11 | Lady Amherset Pheasant | 6 | 8 | 0 | 14 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 6 | 8 | 0 | 14 |


| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 12 | Bridgerigar | 0 | 0 | 6 | 6 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 6 | 6 |
| 13 | Brown Wood Owl | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 14 | Asian Barred Owlet | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 |
| 15 | Silver Pheasant | 4 | 4 | 0 | 8 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 | 0 | 3 | 3 | 0 | 6 |
| | **Total Birds** | **78** | **65** | **11** | **154** | **0** | **0** | **0** | **0** | **0** | **2** | **0** | **0** | **0** | **1** | **2** | **1** | **77** | **63** | **12** | **152** |
| 1 | Barking Deer (Kakar) | 4 | 4 | 0 | 8 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 4 | 3 | 0 | 7 |
| 2 | Sambar Deer | 1 | 3 | 0 | 4 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 3 | 0 | 4 |
| 3 | Spotted Deer (Chital) | 1 | 1 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 1 |
| 4 | Goral | 3 | 2 | 0 | 5 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 3 | 3 | 0 | 6 |
| | **Total Mammal** | **9** | **10** | **0** | **19** | **0** | **0** | **0** | **0** | **1** | **0** | **0** | **1** | **0** | **1** | **0** | **0** | **8** | **10** | **0** | **18** |
| | **Total Animal** | **87** | **75** | **11** | **173** | **0** | **0** | **0** | **0** | **1** | **2** | **0** | **1** | **0** | **2** | **2** | **1** | **85** | **73** | **12** | **170** |

## वन्य प्राणियों की मृत्यु दर :–

| S.No. | Animal Name Date of | Sex | Date of Death | Reason of Death |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Himalayan Palm Civet | M | 01-May-2019 | "Senility (Senile Atrophy)" |
| 2. | Himalayan Palm Civet | F | 26-May-2019 | "Systemic infection accompanied with Hepatitis" |
| 3. | Silver Pheasant | M | 10-July-2019 | "Severe enteritis" |
| 4. | Egyptian Vulture | F | 15-Sep-2019 | "infected with 1st to 4th generation of maggot and due to shock" |
| 5. | Golden Pheasant | F | 21-Sep- 2019 | "Senile atrophy" |
| 6. | Peafowl | M | 02-Dec-2019 | "the Peafowl would be hit by some object and due to seveior bleeding animal got collapse and dead" |
| 7. | Silver Pheasant | F | 12-Jan-2020 | "Senile Atrophy" |
| 8. | Brown Wood Owl | M | 17-Jan-2020 | "Cardiac arrest" |
| 9. | Spotted Deer | M | 15-March-2020 | "Enterotoxaemia" |

## प्राणी उद्यान में मुक्त विचरण करने वाले वन्य प्राणियों की सूची :–

A. Monkey, Langur, Yellow throated marten, Himalayan palm civet, Leopard cat etc.
B. House Sparrow, Black-throated Tit, Common Myna, Rock pigeon, Red billed blue magpai, Jay species, Himalayan griffin, Black kite, Steppe eagle, Crow, Kalij Pheasant etc.
C. Commonrat snake and various species of lizards.



सम्पर्कः—

कार्यालय निदेशक, जी0बी0 पन्त, उच्च स्थलीय प्राणी उद्यान नैनीताल, उत्तराखण्ड —263002

**Phone:- 05942-237927 Website:- www.nainitalzoo.org.in**
**E-mail:– nainitalzoouk@gmail.com**